# M. A. ENTRANCE QUESTIONS

# SUBJECT: HINDI

1.आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार वीरगाथा काल का सीमांकन है-

(क) 700 - 1343 वि०

(ख) सं० 1050 - 1375

(ग) सं० 750 – 1375 वि०

(घ) सन् 1184 – 1350

उत्तर- (ख) सं० 1050 – 1375

2. मिश्र बंधुओं ने रीतिकाल का नामकरण किया-

(क) रीतिकाव्य

(ख) श्रृंगारकाल

(ग) अलंकृत काल

(घ) कला काल

उत्तर- (ग) अलंकृत काल

3. 'पेरिहुप्सुस' किसकी रचना हैं?

(क) लोंजाइनस

(ख) प्लेटो

(ग) वर्डस्वर्थ

(घ)अरस्तु

उत्तर- (क) लोंजाइनस

4. सही विकल्प का चुनाव करिए-

(क) जयशंकर प्रसाद, मैथिलीशरण गुप्त, सुभद्रा कुमारी चौहान, बालमुकुन्द गुप्त

(ख) सुभद्रा कुमारी चौहान, बालमुकुन्द गुप्त,जयशंकर प्रसाद, मैथिलीशरण गुप्त,

(ग) मैथिलीशरण गुप्त, सुभद्रा कुमारी चौहान, बालमुकुन्द गुप्त, जयशंकर प्रसाद

(घ) बालमुकुन्द गुप्त, मैथिलीशरण गुप्त, जयशंकर प्रसाद, सुभद्रा कुमारी चौहान

उत्तर- (घ) बालमुकुन्द गुप्त, मैथिलीशरण गुप्त, जयशंकर प्रसाद, सुभद्रा कुमारी चौहान

5. 'भाषा वह साधन है, जिसके द्वारा मनुष्य अपने विचार दूसरों पर भली भांति प्रकट कर सकता है और दूसरों के विचार आप स्पष्टतया समझ सकते है |' – यह किसने कहा?

(क) डॉ. श्यामसुंदर दास

(ख) कामता प्रसाद गुरु

(ग) भोलानाथ तिवारी

(घ) हरदेव बाहरी

उत्तर- (ख) कामता प्रसाद गुरु

6. खड़ीबोली हिंदी का प्रथम महाकाव्य है-

(क) प्रिय प्रवास

(ख) गंगा लहरी

(ग) पारिजात

(घ) स्नेह माला

उत्तर- (क) प्रिय प्रवास

7. ज्योतिरीश्वर ठाकुर की रचना है-

(क) उक्ति व्यक्ति प्रकरण

(ख) वर्ण रत्नाकर

(ग) राउलवेल

(घ) धनपाल कथा

उत्तर- (ख) वर्ण रत्नाकर

8. जयशंकर प्रसाद कृत कामायनी में कितने सर्ग हैं-

(क) 18

(ख) 16

(ग) 23

(घ) 15

उत्तर- (घ) 15

9. 'यह हिंदी का स्नेहोपहार, यह नहीं हार मेरी, भास्वर
यह रत्नहार-लोकोत्तर वर |'

- उपरोक्त पंक्तियाँ कहाँ से ली गयी है-

(क) राम की शक्ति पूजा

(ख) सरोज स्मृति

(ग) बादल राग

(घ) आँसू

उत्तर- (ख) सरोज स्मृति

10. प्रयोगवादी कवियों को ‘राहों के अन्वेषी’ किसने कहा?

(क) रामचन्द्र शुक्ल

(ख) अज्ञेय

(ग) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(घ) रामविलास शर्मा

उत्तर- (ख) अज्ञेय

11. कबीरदास की पंक्ति है-

(क) जाति न पूछो साधु की, पूछि लीजिए ज्ञान |

(ख) मन मेरी सुई, तन तेरा धागा |

(ग) मन चंगा तो कठौती में गंगा |

(घ) अजगर करे न चाकरी पंछी करे न काम |

उत्तर- (क) जाति न पूछो साधु की, पूछि लीजिए ज्ञान |

12. अ: किसके अंतर्गत आता है?

(क) स्वर

(ख) व्यंजन

(ग) अयोगवाह

(घ) द्विगुण व्यंजन

उत्तर- (ग) अयोगवाह

13. ‘जाति अजाति विवाह अधम उत्तम का पारक’- किसकी पंक्ति हैं?

(क) कबीर

(ख) अमीर खुसरो

(ग) विद्यापति

(घ) जायसी

उत्तर- (ग) विद्यापति

14. आचार्य मम्मट ने काव्य लक्षण के बारे में क्या कहा?

(क) ननु शब्दार्थौं काव्यम् |

(ख) तददोषौ शब्दार्थौं सगुकृति सगुणावलंकृती पुन: क्वापि |

(ग) रमणीयार्थ प्रतिपादक: शब्द: काव्यम् |

(घ) शब्दार्थौं सहितौ काव्यम् |

उत्तर- (ख) तददोषौ शब्दार्थौं सगुकृति सगुणावलंकृती पुन: क्वापि |

15. ‘बचपन’संज्ञा के किस प्रकार अंतर्गत आयेगा?

(क) जातिवाचक संज्ञा

(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(ग) समूहवाचक संज्ञा

(घ) भाववाचक संज्ञा

उत्तर- (घ) भाववाचक संज्ञा

16. आकांक्षा, योग्यता और आसक्ति को वाक्य के अनिवार्य तत्व किसने माना?

(क) भामह

(ख) कविराज विश्वनाथ

(ग) कविराज जगन्नाथ

(घ) आचार्य दंडी

उत्तर- (ख) कविराज विश्वनाथ

17. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिंदी कि प्रथम कहानी किसे माना?

(क) सोज़ेवतन

(ख) एक टोकरी भर मिट्टी

(ग) इंदुमती

(घ) प्रणयिनी परिणय

उत्तर- (ग) इंदुमती

18. जन्म तिथि के अनुसार नीचे दिए गये संत कवियों को अनुक्रम में सजाइए-

(क) रैदास, गुरुनानक, कबीर, दादूदयाल

(ख) गुरुनानक, कबीर, दादूदयाल, रैदास

(ग) रैदास, कबीर, गुरुनानक, दादूदयाल

(घ) गुरुनानक, दादूदयाल, रैदास, कबीर

उत्तर- (ग) रैदास, कबीर, गुरुनानक, दादूदयाल

19. 'अत्यंत' में उपसर्ग है-

(क) अत्

(ख) अति

(ग) अ

(घ)अत्य

उत्तर- (ख) अति

20. लहनासिंह किस कहानी का पात्र है?

(क) कफ़न

(ख) आकाशदीप

(ग) हार की जीत

(घ) उसने कहा था

उत्तर- (घ) उसने कहा था

21. 'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल |' –किसकी कथन है?

(क) रामचंद्र शुक्ल

(ख) भारतेंदु

(ग) भगवती चरण वर्मा

(घ) नागार्जुन

उत्तर- (ख) भारतेंदु

22. अर्थ परिवर्तन की दिशाएं कितने हैं?

(क) 5

(ख) 7

(ग) 3

(घ)4

उत्तर- (ग) 3

23. निम्नोक्त पंक्तियाँ किसकी हैं-

'मधुर मधुर मेरे दीपक जल

युग युग प्रतिदिन प्रतिक्षण प्रतिपल

प्रियतम का पथ आलोकित कर |'

(क) जयशंकर प्रसाद

(ख) सुमित्रानंदन पंत

(ग) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

(घ) महादेवी वर्मा

उत्तर- (घ) महादेवी वर्मा

24. किस काव्य संकलन के कारण केदारजी को सोवियतलैंड पुरस्कार मिला?

(क) अपूर्वा

(ख) फूल नहीं रंग बोलते है

(ग) कहें केदार खरी-खरी

(घ) वसंत में प्रसन्न हुई पृथ्वी

उत्तर- (ख) फूल नहीं रंग बोलते है

25. 'अनमोल' किस समास के अंतर्गत आयेगा?

(क) कर्मधारय समास

(ख) द्वन्द समास

(ग) तत्पुरुष समास

(घ) बहुब्रीहि समास

उत्तर- (घ) बहुब्रीहि समास

26. चौरासी सिद्धों में प्रथम सिद्ध कौन थे?

(क) शबरपा

(ख) सरहपा

(ग) स्वयंभू

(घ)डोम्भिपा

उत्तर- (ख) सरहपा

27. संविधान में हिंदी को कब राजभाषा की मान्यता प्रदान की गई?

(क) 26 जनवरी, 1951 ई०

(ख) 14 नवम्बर, 1947 ई०

(ग) 14 सितम्बर, 1949 ई०

(घ) 26 जनवरी, 1947 ई०

उत्तर- (ग) 14 सितम्बर, 1949 ई०

28. भारत का प्रथम समाचार-पत्र कौन सा है?

(क) बंगाल गजट

(ख) समाचार दर्पण

(ग) अरुणोदय

(घ) उदंत मार्तण्ड

उत्तर- (क) बंगाल गजट

29. कबीरदास को 'भाषा का डिक्टेटर' किसने कहा-

(क) रामचंद्र शुक्ल

(ख) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(ग) श्यामसुंदर दास

(घ) ग्रियर्सन

उत्तर- (ख) हजारीप्रसाद द्विवेदी

30. 'अंधे की लकड़ी' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(क) अंधे आदमी की लाठी

(ख) अंधे आदमी को देखनेवाला

(ग) एक ही सहारा

(घ) आदमी की पहचान

उत्तर- (ग) एक ही सहारा

31. देवनागरी लिपि की विशेषताएँ हैं-

(क) देवनागरी लिपि का वर्णक्रम वैज्ञानिक है |

(ख) देवनागरी लिपि आक्षरिक है |

(ग) देवनागरी लिपि में हरेक वर्ण के लिए ध्वनि है |

(घ) उपरोक्त सभी |

उत्तर- (घ) उपरोक्त सभी |

32. परमाल रासो किसकी रचना हैं-

(क) जगनिक

(ख) श्रीधर

(ग) नरपति नाल्ह

(घ) दलपति विजय

उत्तर- (क) जगनिक

33. 'किसी विस्तृत और अवतरण से अनावश्यक एवं अप्रासंगिक बातों को हटाकर लगभग एक तिहाई शब्दों में उसकी आवश्यक और प्रधान बातों को व्यक्त कर देने को क्या कहा जाता है?

(क) भाव-पल्लवन

(ख) भाव-संक्षेपण

(ग) भाव-विस्तार

(घ) सामान्यीकरण

उत्तर- (ख) भाव-संक्षेपण

34. ‘भक्ति द्राविड़ी ऊपजी लाए रामानंद’ –किसने कहा है?

(क) रामानंद

(ख) तुलसी

(ग) कबीर

(घ) नामदेव

उत्तर- (ग) कबीर

35. हजारीप्रसाद द्विवेदी के उपन्यासों को अनुक्रम में सजाइए-

(क) बाणभट्ट की आत्मकथा, चारुचंद्र लेख, पुनर्नवा, अनामदास का पोथा

(ख) चारुचंद्र लेख, अनामदास का पोथा,पुनर्नवा, बाणभट्ट की आत्मकथा,

(ग) पुनर्नवा, बाणभट्ट की आत्मकथा,चारुचंद्र लेख,अनामदास का पोथा

(घ) चारुचंद्र लेख, बाणभट्ट की आत्मकथा, अनामदास का पोथा, पुनर्नवा

उत्तर- (क) बाणभट्ट की आत्मकथा, चारुचंद्र लेख, पुनर्नवा, अनामदास का पोथा

36. सही पंक्ति का चुनाव कीजिए-

(क) ‘दोहाकोश’ स्वयंभू की रचना है |

(ख) जोइंदु ने ‘जसहरचरिउ’ दसवी शती में लिखा |

(ग) सुमतिगणि ने ‘नेमिनाथरास’ की रचना पंद्रहवी शती में किया |

(घ) रामसिंह ने ‘पाहुड दोहा’ की रचना ग्यारहवीं शती में किया |

उत्तर- (घ) रामसिंह ने ‘पाहुड दोहा’ की रचना ग्यारहवीं शती में किया |

37. ‘आषाढ़ का एक दिन’ का पात्र नहीं है-

(क) मल्लिका

(ख) विलोम

(ग) गोबर्धनदास

(घ) कालिदास

उत्तर- (ग) गोबर्धनदास

38. 'रिक्शा' किस भाषा का शब्द है?

(क) चीनी

(ख) संस्कृत

(ग) हिंदी

(घ) जापानी

उत्तर- (घ) जापानी

39. 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' निबंध के लेखक हैं-

(क) विद्यानिवास मिश्र

(ख) सरदार पूर्ण सिंह

(ग) शिवपूजन सही

(घ) डॉ. नगेन्द्र

उत्तर- (क) विद्यानिवास मिश्र

40. अरस्तु कृत 'पेरिपोइएतिकेस' में कितने अध्याय हैं?

(क) 76

(ख) 54

(ग) 26

(घ) 12

उत्तर- (ग) 26

41. कौनसा युग्म असंगत है?

(क) त्यागपत्र - जैनेन्द्र

(ख) कंकाल- जयशंकर प्रसाद

(ग) परीक्षागुरू – श्रीनिवासदास

(घ) आपका बंटी – प्रेमचंद

उत्तर- (घ) आपका बंटी – प्रेमचंद

42. डॉ. बच्चन सिंह की रचना है-

(क) हिंदी साहित्य की भूमिका

(ख) हिंदी साहित्य का इतिहास

(ग) हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास

(घ) हिंदी साहित्य का सरल इतिहास

उत्तर- (ग) हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास

43. विशिष्टाद्वैतवाद के प्रवर्तक हैं-

(क) रामानुजाचार्य

(ख) शंकराचार्य

(ग) निम्बकाचार्य

(घ) मध्वाचार्य

उत्तर- (क) रामानुजाचार्य

44. भारतेंदु हरिश्चंद्र की 'बंदर सभा' किस शैली में लिखा गया है?

(क) स्यापा

(ख) पैरोडी

(ग) गली

(घ) लावनी

उत्तर- (ख) पैरोडी

45. समास विग्रह करिए-

देशरक्षा

(क) देश+रक्षा

(ख) देश और रक्षा

(ग) देश का रक्षक

(घ) देश की रक्षा

उत्तर- (घ) देश की रक्षा

46. मृणाल किस उपन्यास का पात्र है?

(क) कल्याणी

(ख) त्यागपत्र

(ग) झूठा-सच

(घ) आपका बंटी

उत्तर- (ख) त्यागपत्र

47. 'एरिस्तोक्लीस' किसका मूलनाम है?

(क) अरस्तु

(ख) प्लेटो

(ग) इलियट

(घ) रिचर्ड

उत्तर- (ख) प्लेटो

48. कबीर की भाषा को 'सधुक्कड़ी' किसने कहा है?

(क) रामकुमार वर्मा

(ख) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(ग) रामचंद्र शुक्ल

(घ) मीराबाई

उत्तर- (ग) रामचंद्र शुक्ल

49. उपन्यास का प्रारंभ युग है-

(क) भारतेंदु युग

(ख) द्विवेदी युग

(ग) प्रगतिवादी युग

(घ) प्रयोगवादी युग

उत्तर- (क) भारतेंदु युग

50. 'सर्वथा रसनात्मक वीतविघ्न प्रतीतिग्राह्यो भाव एवं रस:|'- यह किसकी परिभाषा है?

(क) भरतमुनि

(ख) मम्मट

(ग) अभिनवगुप्त

(घ) सुश्रुत

उत्तर- (ग) अभिनवगुप्त |